संख्या-51/124/78-1-2014-33आई0टी0/2014

प्रेषक,

जी0एस0 नवीन कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
श्रीट्रान इण्डिया लि0,
उ0प्र0 लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक: 23 जुलाई,2014

विषय: स्टार्ट-अप विलेज कन्सेप्ट पर आधारित आईटी-उपवन Information technology Uttar Pradesh Venture Network (IT-UPVAN) की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एसआईएल:शासन:2013-014, दिनांक 04-02-2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश में उपलब्ध प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को स्व: उद्यम (Entrepreneur) के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु इंक्यूबेशन (Incubation Center) सुविधाओं की स्थापना एवं प्रदेश का विकास किये जाने हेतु स्टार्ट-अप विलेज कन्सेप्ट (Start-UP-Village) पर आधारित श्रीट्रान इण्डिया लि0, साहिबाबाद, गाजियाबाद के कैम्पस में आईटी-उपवन (IT-UPVAN- Information technology Uttar Pradesh Venture Network) की स्थापना किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रदेश में स्टार्ट-अप विलेज कन्सेप्ट (Start-UP-Village) पर आधारित श्रीट्रान इण्डिया लि0, साहिबाबाद, गाजियाबाद कैम्पस आईटी-उपवन (IT-UPVAN) स्थापित किये जाने का निर्णय इस शर्त के अधीन लिया गया है कि पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पी0पी0पी0) के अन्तर्गत कोई भी कार्यवाही पूर्ण पारदर्शी आनलाइन व्यवस्था अपनाते हुए, प्रथमत: 10 seater की सुविधाओं से आरम्भ की जायेगी तथा आरम्भ में परियोजना पर व्यय का वहन श्रीट्रान इण्डिया लि0 द्वारा अपने स्रोतों से किया जायेगा। उक्त योजना का उद्देश्य निम्नवत है:-

(1) आईटी-उपवन की स्थापना पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पी0पी0पी0) माडल पर किया जायेगा।

(2) प्रदेश में सम्भावित नये उद्यमियों को आकर्षित करने हेतु सम्पूर्ण योजना को प्रतिष्ठित चयनित कन्सलटेण्ट द्वारा Marketing तथा Monitoring निरन्तर किया जायेगा। उ0प्र0 आईटी पालिसी 2012 के अन्तर्गत बनी, नीति कार्यान्वयन इकाई (PIU) द्वारा भी परियोजना की मार्केटिंग की जायेगी।

(3) श्रीट्रान इण्डिया लि0 के साहिबाबाद स्थित भवन में उपलब्ध Warm Shells में 10 seater की क्षमता तथा रू0 20 लाख के निवेश से आरम्भ किया जायेगा जहाँ से प्रदेश के छात्र एवं छात्राएं प्लग-एण्ड-प्ले (Cabin with State-of-the-art Network Facility) के आधार पर उसका उपयोग कर अपने भविष्य का निर्माण कर सकते है। आई0टी0 उपवन में नई उद्यमियों को कार्य करने हेतु सपोट तथा अन्य

http://cbsaradesh.up.nic.in

सुविधाएं यथा कार्य करने हेतु स्थान, High Speed Internet Connectivity इत्यादि उपलब्ध करायी जायेगी तथा प्रारम्भ में उद्यमियो को Mentroring Services भी प्रदान की जायेगी। प्रदेश के नये उद्यमी, छोटा एवं बडा निवेशक अथवा

कोई अन्य इच्छुक इस प्रकार विकसित Eco System का उपयोग कर सकते है। प्रारम्भिक चरण में जनरेटर-सेट, वातानुकूलन, फ्लोरिंग, वातायान, अवस्थापना, नेटवर्किंग/केबिलिंग इत्यादि के रूप में एक बार व्यय होगा। द्वितीय चरण के लिए सीटों के आरम्भ होने पर प्रति सीट यह लागत धीरे-धीरे कम होती जोयगी तथा द्वितीय चरण के 06 माह में सीटों की संख्या को बढा दिया जायेगा।

(4) निजी क्षेत्र (Private Partnership) से रू0 100 करोड का निवेश लाने का लक्ष्य होगा।

(5) श्रीट्रान इण्डिया लि0 की होल्डिंग कम्पनी यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0 द्वारा भी परियोजना में निवेश किया जायेगा।

(6) श्रीट्रान इण्डिया लि0 द्वारा आईटी-उपवन से सम्बन्धी समस्त कार्यवाही की जायेगी।

3- कृपया उपरोक्तानुसार अग्रेतर अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या-51/124(1)/78-1-2014 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं कार्यवाही कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी@यूपीडेस्को, लखनऊ।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरीराम)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in